<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# इरेडा ने सुंदर नर्सरी में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



नई दिल्ली, 21 जून, 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अधीन एक नवरत्न सीपीएसई है, के द्वारा सुंदर नर्सरी, नई दिल्ली में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लिया गया। एमएनआरई, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा अन्य सीपीएसई और विभागों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम को इस वर्ष की वैश्विक थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" के साथ मनाया गया, जिसमें व्यक्तिगत कल्याण और पृथ्वी के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

इस कार्यक्रम में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव, श्री संतोष कुमार सारंगी, उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव, श्रीमती निधि खरे, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव, श्री संजीव चोपड़ा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। भाग लेने वाले मंत्रालयों और सीपीएसई के बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस योग सत्र में भाग लिया, जिससे स्वास्थ्य, जागरूकता और प्रकृति के साथ सामंजस्य की सामूहिक भावना को बढ़ावा मिला।





इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास तथा इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर श्री दास ने विशेष रूप से अक्षय ऊर्जा और सार्वजनिक सेवा के गतिशील और प्रभावशाली क्षेत्रों में लगे पेशेवरों के लिए शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग को दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने के महत्व पर जोर दिया । उन्होंने देश के लिए स्वच्छ और हरित ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाने के अपने मिशन के साथ-साथ समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।